साथ निभाता सांवरा | Sunanda Choubisa

कदम कदम पे साथ निभाता सांवरा
ऊँगली पकड़ के चलना सिखाता सांवरा

लगे जो ठोकर राह में मुझको गिरने नहीं ये देता
हाथ बढाकर अपना मुझे ये बाँहों में भर लेता
बड़े प्यार से गले लगाता सांवरा
ऊँगली पकड़ के चलना सिखाता सांवरा

प्यार मुझे करता है बहुत ये मेरा खाटू वाला
आने देता ना कोई संकट बन जाता रखवाला
मोरछड़ी अपनी लहराता सांवरा
ऊँगली पकड़ के चलना सिखाता सांवरा

जोड़ के रिश्ता श्याम ने मुझसे बदली दुनिया मेरी
जीवन में अब रहती ना मेरे दु:ख की हेरा फेरी
कुंदन सा मुझको चमकाता सांवरा
ऊँगली पकड़ के चलना सिखाता सांवरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%ad%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be-sunanda-choubisa/